www.amritvichar.com

सुविचार



व्यक्ति को हानि, पीड़ा और चिंताएं, उसकी किसी आंतरिक दुर्बलता के कारण होती हैं, उस दुर्बलता को दूर करके कामयाबी मिल सकती है।
- स्वामी रामतीर्थ


# अमृत विचार
## लखनऊ महानगर


**लखनऊ के प्रमुख समाचार**


- बुजुर्ग का जेवर से भरा बैग लेकर ई-रिक्शा चालक फरार II
- फास्ट फूड छोड़ें, पूरी नींद लें तभी स्वस्थ रहेगा दिल III
- सात दिन में जुटाना है हजारों स्कूलों का डेटा IV


लखनऊ, गुरुवार, 9 अप्रैल 2026

## शहर में आज



- अटल बिहारी कन्वेंशन सेंटर में विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर वार्षिक मेगा 'होम्योशक्ति 2026' का आयोजन- 9:00 बजे से।
- गोमतीनगर स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन- 9:00 बजे से।
- कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में खराब रैंकिंग पर आईजीआरएस की समीक्षा- 10:30 बजे से।
- परिवर्तन चौक चौराहे पर सुन्दरकांड का पाठ व जल सेवा की शुरुआत - 11:00 बजे से।
- अलीगंज में सड़क चौड़ीकरण के विरोध में नए हनुमान मंदिर गेट के सामने व्यापारियों का प्रदर्शन- 11:00 बजे
- राजा बाजार के गीता भवन में लखनऊ हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से श्रीमद्भागवत कथा में सुदामा चरित्र एवं परीक्षित मोक्ष कथा का वर्णन- 3:00 बजे से
- बीएमशाह प्रेक्षागृह में भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह में वाराणसी की सुचरिता दास गुप्ता का उपशास्त्रीय गायन- 3:30 बजे से।
- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मार्स प्रेक्षागृह में मिस यूनिवर्स उत्तर प्रदेश और मिस टीन उत्तर प्रदेश प्रतियोगिता- 6:00 बजे से।
- अकादमी के राज बिसारिया प्रेक्षागृह में भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती समारोह के 5वें दिन मुंबई के हरबंश सिंह बिष्ट के निर्देशन में नाटक मसाज का मंचन- 6:30 बजे से।

पाठक/आयोजक अपने कार्यक्रम की सूचना हमें lko.editor@amritvichar.com और वाट्सएप नंबर 9455224760 पर भी भेज सकते हैं।

# ऐप से अभिभावक भी कर सकेंगे नवजात के लिवर रोग की पहचान

- लोहिया संस्थान ने लांच किया देश का पहला एआई आधारित ऐप
- ऐप https://liverpoop.netlify.app वेबसाइट पर उपलब्ध
- जल्द ही गूगल प्ले स्टोर, एप्पल ऐप स्टोर पर भी हो जाएगा उपलब्ध

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोहिया संस्थान ने बुधवार को अपना लिवर पूप ऐप लांच कर दिया। इस ऐप की सहायता से अब अभिभावक भी अपने नवजात बच्चे के लिवर संबंधी रोग की पहचान कर समय पर इलाज शुरू करा सकेंगे। अभी ये ऐप https://liverpoop.netlify.app वेबसाइट पर पर उपलब्ध है, जल्द ही गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर पर भी उपलब्ध हो जाएगा।

एप देश विदेश की 40 भाषाओं में संचालित होगा, इससे किसी भी क्षेत्र और भाषा को समझाने वाले इसका आसानी से उपयोग कर सकेंगे। ऐप को राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के उपयोग के लिए भी सरल बनाया गया है। डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने सीएमएस डॉ. विक्रम सिंह, एमएस डॉ. अरविंद कुमार सिंह सहित कई वरिष्ठ चिकित्सकों की मौजूदगी में एप को लांच किया। निदेशक ने बताया कि करीब तीन वर्षों में देश का पहला एआई ये ऐप तैयार किया गया है। अध्ययन में इसकी संवेदनशीलता 100 प्रतिशत पाई गई है। यह ऐप एक वर्ष तक के बच्चों में बिलीरी एट्रेसिया की स्क्रीनिंग करने में सक्षम है।यदि 60 दिनों के भीतर ऑपरेशन हो जाए तो बच्चा सामान्य जीवन जी सकता है, जबकि 90 दिनों के बाद स्थिति बिगड़ने पर लिवर ट्रांसप्लांट ही एकमात्र विकल्प बचता है। इस ऐप से नवजात शिशुओं में गंभीर लिवर रोग बिलीरी एट्रेसिया की समय रहते पहचान का समय पर इलाज शुरू हो सकेगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस तकनीक से बीमारी की शुरुआती पहचान कर ली जाए तो लिवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता में करीब 20 प्रतिशत तक कमी लाई जा सकती है। ऐप को डॉ. लोहिया संस्थान के पीडियाट्रिक गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ. पीयूष उपाध्याय ने विकसित किया है।



ऐप को लांच करते निदेशक डॉ. सीएम सिंह, साथ में अन्य।

### कैसे काम करता है ऐप

- डॉ. पीयूष उपाध्याय के अनुसार, परिजन या स्वास्थ्यकर्मी नवजात के मल (स्टूल) की फोटो ऐप पर अपलोड करेंगे। एआई तकनीक के जरिए ऐप मल के रंग और पैटर्न का विश्लेषण कर लिवर से जुड़ी संभावित समस्या का संकेत देता है और डॉक्टर से संपर्क की सलाह भी देता है।

### क्या है बिलीरी एट्रेसिया

- यह एक जन्मजात रोग है, जिसमें नवजात के पित्त नलिकाएं सही तरीके से विकसित नहीं होतीं या बंद रहती हैं। इससे पित्त लिवर में जमा होने लगता है और धीरे-धीरे लिवर को नुकसान पहुंचाता है।

### लक्षण

- लंबे समय तक पीलिया रहना
- त्वचा और आंखों का पीला होना
- गहरे रंग का पेशाब
- हल्के या सफेद रंग का मल
- वजन न बढ़ना और बार-बार बीमार होना

## ऐशबाग रामलीला स्थल में बेहतर होंगी सुविधाएं

**अमृत विचार, लखनऊः** ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान समेत अन्य सांस्कृतिक और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए संस्कृति विभाग ने आठ परियोजनाओं को मंजूरी दे दी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 43.63 करोड़ रुपये से इन परियोजनाओं में कार्य कराए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि ऐशबाग रामलीला मैदान में सुविधाएं बेहतर की जाएंगी। मोहनलालगंज क्षेत्र के सिसेंडी, हिलगी और बरवलिया गांवों में रामलीला मैदानों की बाउंड्रीवाल, संगीत नाटक अकादमी परिसर में ओवरहेड वॉटर टैंक की मरम्मत, बाउंड्रीवाल, भातखंडे विवि में प्रवेश द्वार, बाउंड्रीवाल, परिसर की साज-सज्जा और राय उमानाथ बली प्रेक्षागृह और विश्वविद्यालय परिसर में फसाड लाइटिंग कराई जाएगी।



कपूरथला स्थित अशोक गैस एजेंसी के बाहर रसोई गैस सिलेंडर के लिए लाइन लगाए उपभोक्ता। अमृत विचार

# एसजीपीजीआई और लोहिया में इसी वर्ष से कार्निया प्रत्यारोपण

- चोट और केमिकल से गई आंखों की रोशनी लौटने की उम्मीद
- राज्य में कार्निया प्रत्यारोपण के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इस वर्ष ही संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) और डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के नेत्र रोग विभाग में इस वर्ष से कार्निया प्रत्यारोपण शुरू कर दिया जाएगा। दोनों संस्थानों ने इसकी तकनीकी तैयारियां शुरू कर दी हैं। कार्निया प्रत्यारोपण से चोट, केमिकल अटैक और अन्य कारणों से आंखों की रोशनी खो चुके लोगों में नई रोशनी मिलने की उम्मीद है। फिलहाल लखनऊ के केजीएमयू में कार्निया प्रत्यारोपण किया जाता है।

शासन ने प्रदेश के 10 मेडिकल कॉलेजों में कार्निया प्रत्यारोपण शुरू करने के लिए सोटो के संयुक्त निदेशक एवं पीजीआई के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश हर्षवर्धन के नेतृत्व में विशेष टास्क फोर्स का गठन किया है। लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि उपकरणों की खरीद और अन्य तैयारियों के बाद करीब तीन माह में कार्निया प्रत्यारोपण शुरू होने की उम्मीद है। नेत्र रोग विभाग में बेड और ऑपरेशन थिएटर पहले से ही मौजूद हैं। आई बैंक बनते ही प्रत्यारोपण की प्रक्रिया आरंभ कर दी जाएगी।



एसजीपीजीआई नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विकास कनौजिया ने कहा कि संस्थान में कार्निया प्रत्यारोपण इस वर्ष ही शुरू होगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कार्निया प्रत्यारोपण की रजिस्ट्री बनाना जरूरी है। इससे जरूरतमंद मरीजों और प्रत्यारोपण से जुड़ी सटीक जानकारी सामने आएगी। साथ ही, लोगों को नेत्रदान के लिए आगे आने की अपील की गई है।

## सिटी ब्रीफ

### 22 मई से शुरू होगी मकानों की गणना

**अमृत विचार, लखनऊ :** जनगणना 2027 के लिए बुधवार को नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ सभागार में फील्ड ट्रेनर्स के लिए रिफ्रेशर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें करीब 128 फील्ड ट्रेनर्स शामिल हुए। तीन दिन पहले प्रशिक्षण ले चुके ये प्रशिक्षक सुपरवाइजर और प्रगणकों को प्रशिक्षण देंगे। जनगणना के प्रथम चरण में 22 मई से 20 जून तक मकानों की लिस्ट तैयार की जाएगी। प्रशिक्षण सत्र का संचालन सांख्यिकी अन्वेषक रमेश चंद्र पांडे, सहायक निदेशक उपासना गिरी और आईटीआई प्रवक्ता गौरव त्रिपाठी ने किया। उन्होंने प्रतिभागियों को जनगणना प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं के बारे में बताया।

### कर्मचारियों की समस्याएं यूनियन ने उठाईं

**अमृत विचार, लखनऊ :** मंडलीय कार्यालय सभागार में बुधवार को डीआरएम सुनील कुमार वर्मा की अध्यक्षता में उत्तर रेलवे मजदूर यूनियन की बैठक हुई। इसमें यूनियन पदाधिकारियों ने रिक्त पदों को शीघ्र भरने की मांग उठाई। महिला कर्मचारियों के लिए सुविधाओं में वृद्धि, लेवल क्रॉसिंग पर शौचालय व्यवस्था, चिकित्सा सेवाओं के विस्तार और रनिंग रूम की सुविधाओं में सुधार जैसे मुद्दे भी उठाए। एडीआरएम शूरवीर सिंह चौहान, नीलिमा सिंह, मंडल अध्यक्ष आरपी राव और मंडल मंत्री अवधेश कुमार दुबे सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### 464 विकास कार्यों का लोकार्पण

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम जोन-2 में 3280.61 लाख रुपये की लागत से 464 विकास कार्यों का बुधवार को महापौर सुषमा खर्कवाल ने रामलीला ग्राउंड, तिलक नगर ऐशबाग में लोकार्पण किया। जोन 2 के अम्बेडकर नगर, मालवीय नगर, ऐशबाग, कुंवर ज्योति प्रसाद, मोतीलाल नेहरू नगर/चन्द्रभानु गुप्त नगर, तिलक नगर/कुण्डरी रकाबगंज, लेबर कॉलोनी, राजाजीपुरम, राजेन्द्र नगर, यहियागंज/नेताजी सुभाष चन्द्र बोस और राजाबाजार वार्ड शामिल हैं। उपाध्यक्ष कार्यकारिणी चरनजीत गांधी, उप नेता पार्षद दल सुशील तिवारी 'पम्मी', सदस्य कार्यकारिणी गौरी सांवरिया, संदीप शर्मा, पार्षद ममता चौधरी रहीं।

# कैटर्स शादी कार्ड लगा करें आवेदन मिलेंगे कामर्शियल गैस सिलेंडर

## व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल को एडीएम आपूर्ति ने दिया आश्वासन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शादी और अन्य मांगलिक कार्यों के लिए कैटर्स को जरूरत के अनुसार कामर्शियल सिलेंडर उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए उन्हें शादी व अन्य मांगलिक आयोजनों के कार्ड और ऑर्डर बुकिंग के प्रपत्र लगाकर जिला पूर्ति अधिकारी या एडीएम आपूर्ति कार्यालय में आवेदन करना होगा। ये आश्वासन बुधवार को एडीएम आपूर्ति ने उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल को दिया। किंतु घरों पर मांगलिक कार्यों पर प्रीति भोज कराने वालों के लिए ऐसा कोई संकेत नहीं दिया गया है।

उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम से मिला। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के नेतृत्व में पहुंचे व्यापारियों ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा। इसमें बताया कि 15 अप्रैल से सहालग शुरू हो रही है। जिन कैटर्स ने ऐसे समारोह में व्यंजन पकाने की जिम्मेदारी ली है, उनके सामने कामर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने बड़ी समस्या है। ऐसे में काम पूरा होना मुश्किल हो जाएगा। एडीएम ने व्यापारियों से कहा कि, वैवाहिक समारोह में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने व्यापारियों से कहा कि शादी कार्ड एवं ऑर्डर बुकिंग के प्रपत्र के साथ जिलापूर्ति अधिकारी या एडीएम आपूर्ति के कार्यालय में आवेदन करना होगा। जरूरत के अनुसार संबंधित गैस एजेंसी से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति कराई जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश आदर्श टेंट, कैटरिंग एवं डेकोरेशन व्यापार मंडल के चेयरमैन राघवेंद्र चौधरी, अध्यक्ष संतोष गुप्ता, लखनऊ उपाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान,आयुष पांडे ,संजीव सिंह शामिल थे



एडीएम आपूर्ति ज्योति गौतम को ज्ञापन देते व्यापारी। अमृत विचार

### सिलेंडर लेकर थाने पहुंचे उपभोक्ता

- **अमृत विचार, आलमबाग :** आशियाना क्षेत्र के किला मोहम्मदी में संचालित एचपी गैस एजेंसीज में उपभोक्ताओं को हफ्तों से रसोई गैस सिलेंडर नहीं मिल पा रहे हैं। सुबह से ही लाइन लग जाती है, लेकिन बाद भी गाड़ी ही नहीं पहुंच पाती है, जिससे उपभोक्ताओं को खाली सिलेंडर लेकर लौटना पड़ रहा है। परेशान उपभोक्ताओं ने बुधवार सुबह पहले एजेंसी पर हंगामा किया फिर सिलेंडर लेकर आशियाना थाने पहुंच गए। थाने में एजेंसी मैनेजर के खिलाफ शिकायत की। उपभोक्ताओं का आरोप है कि सिलेंडर बुक है, ओटीपी भी आ चुका है, इसके बाद भी एक हफ्ते से सिलेंडर नहीं मिल पाया है। ड्यूटी छोड़कर लाइन में लग रहे हैं।

## खराब मौसम के चलते विमान लखनऊ डायवर्ट

**अमृत विचार, सरोजनीनगरः** दिल्ली में खराब मौसम के चलते मंगलवार को इंडिगो एयरलाइंस के विमान को लखनऊ डायवर्ट करना पड़ा।

एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक इंडिगो का विमान 6 ई-2624 पुणे से दिल्ली पहुंचा, लेकिन खराब मौसम और कम दृश्यता के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर विमान की लैंडिंग नहीं हो सकी। एटीसी से अनुमति न मिलने पर विमान कुछ देर तक आसमान में चक्कर लगाता रहा। इसके बाद उसे लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट कर दिया गया।

रात करीब 12:10 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पर उतरा। उस समय विमान में 169 यात्री और 8 क्रू मेंबर सवार थे। लखनऊ एयरपोर्ट पर विमान लगभग एक घंटे तक खड़ा रहा। सभी यात्री विमान में ही बैठे रहे। दिल्ली का मौसम सामान्य होने पर विमान को लखनऊ से रवाना कर दिया गया।



बारिश के दौरान छाता लगाकर स्कूल जाते बच्चे। अमृत विचार

### रिमझिम बारिश से पारा 6.5 डिग्री सेल्सियस गिरा

- **अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में मंगलवार शाम को आंधी-तूफान और बारिश के बाद बुधवार सुबह रिमझिम बारिश से पारा करीब 6.5 डिग्री गिरकर 27 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जो सामान्य से 10 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 18.8 डिग्री सेल्सियस रहा। दिन भर बादल छाए रहे, जिससे मौसम में मनी आ गई। शाम के समय फिर हल्की बारिश हुई, जिससे लोगों को गर्मी से राहत मिली। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी कहीं-कहीं बादल छाए रहेंगे। अधिकतम तापमान में करीब 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की संभावना है।

# 7.5 लाख भवन स्वामियों को भेजे जाएंगे हाउस टैक्स के बिल

- रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर आज से पहुंचने लगेंगे मैसेज
- नगर निगम की साइट चालू, होने लगे बिल जेनरेट

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ नगर निगम 7.5 लाख भवन स्वामियों को हाउस टैक्स का बिल भेजेगा। भवन स्वामियों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर गुरुवार से हाउस टैक्स संबंधी मैसेज पहुंचने लगेंगे। नगर निगम की साइट की वेबसइट पर बुधवार से चालू वित्तीय वर्ष के हाउस टैक्स के बिल जेनरेट होने लगे हैं। भवन स्वामियों को हाउस टैक्स के बिल मोबाइल पर एक हफ्ते में पहुंच जाएंगे।

मुख्य कर निर्धारण अधिकारी विनय कुमार राय ने बताया किवित्तीय वर्ष के प्रथम तीन महीने तक गृहकर जमा करने वालों को छूट भी दी जाएगी। अप्रैल में ऑनलइान गृहकर जमा करने पर 10 प्रतिशत और ऑफलाइन पर 8 प्रतिशत छूट मिलेगी। मई में ऑनलाइन पर 8 प्रतिशत और ऑफलाइन पर 6 प्रतिशत और जून माह में ऑनलाइन पर 6 और ऑफलाइन गृहकर जमा करने पर 4 प्रतिशत छूट मिलेगी। हाउस टैक्स के साथ यूजर चार्ज एकमुश्त जमा करने पर भी भवन स्वामियों को नगर निगम 10 प्रतिशत की छूट दे रहा है। यह छूट जून तक मिलेगी। पिछले वर्ष नगर निगम ने यह व्यवस्था शुरू की थी। इससे नगर निगम को यूजर चार्ज की वसूली में बढ़ोतरी हुई।

**सुविधा** | यूआईडीएआई ने जारी किया https://generatetoken.page/index.html ऑनलाइन पोर्टल

# आधार कार्ड में संशोधन के लिए घर बैठे लें अपॉइंटमेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** नया आधार कार्ड बनवाने या संशोधन के लिए अब घर बैठे अपनी सुविधानुसार अपॉइंटमेंट ले सकेंगे। यूआईडीएआई ने ऑनलाइन पोर्टल https://generatetoken.page/index.html जारी कर दियाहै। इस पोर्टल के जिरये आवेदक अपनी सुविधानुसार एक सप्ताह में किसी भी दिन और समय का चयन कर सकेंगे। निर्धारित समय पर पहुंचने पर एक ही दिन में समस्या का समाधान संभव होगा, जिससे अनावश्यक भीड़ और समय की बर्बादी से राहत मिलेगी।

दरअसल जिले भर में संचालित सेवा केंद्रों पर नामांकन या पते में बदलाव तो हो जाते हैं, लेकिन जन्मतिथि, नाम सुधार, आधार निलंबन, लिंग परिवर्तन, कार्ड खो जाना या बायोमेट्रिक संबंधी कार्य के लिए लखनऊ आरओ जाना पड़ता था। यहां भीड़ के कारण समय लगता है, कई बार कार्य न होने पर दोबारा आना पड़ता है।

यूआईडीएआई (आरओ) के उपमहानिदेशक प्रशांत कुमार सिंह के अनुसार, पोर्टल पर जाकर नाम, मोबाइल नंबर, आधार के अंतिम चार अंक, लिंग, आयु, जिला और सेवा का प्रकार भरना होगा। इसके बाद 14 अंकों की क्यूआरसी संख्या दर्ज करनी होगी, जिससे अपॉइंटमेंट टोकन जनरेट हो जाएगा। क्यूआरसी प्राप्त करने के लिए 1947 हेल्पलाइन नंबर पर कॉल कर सकते हैं। इसके अलावा यूआईडीएआई की आधिकारिक वेबसाइट से भी यह जानकारी हासिल की जा सकती है।

### जीपीओ में प्रतिदिन 150 आवेदनों का निस्तारण

- जीपीओ में प्रतिदिन 150 से अधिक आवेदन पत्र जमा किए जाते हैं, जिनका निस्तारण उसी दिन कर दिया जाता है। सहायक चीफ पोस्ट मास्टर राजेश कुमार के अनुसार, यहां सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक आधार से जुड़ी सेवाएं उपलब्ध रहती हैं। यही वजह है कि सुबह से ही लोगों की भीड़ लगनी शुरू हो जाती है, जो देर शाम तक बनी रहती है। जीपीओ में आने वाले लोगों को टोकन के माध्यम से फॉर्म दिए जाते हैं, जिससे उन्हें लंबी कतारों में खड़ा नहीं रहना पड़ता। जीपीओ में मोबाइल नंबर संशोधन के लिए अलग काउंटर भी है। इसमें न तो टोकन लेना पड़ता है और न ही फॉर्म भरना होता है। वे सीधे काउंटर पर जाकर अपना नंबर अपडेट करा सकते हैं। प्रतिदिन लगभग 40 से 50 लोग इस सुविधा का लाभ उठाते हैं। जीपीओ की बेहतर व्यवस्था के कारण आसपास के जिलों से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। बाराबंकी से आए जावेद ने बताया कि यहां समय पर काम हो जाता है और अनावश्यक भागदौड़ नहीं करनी पड़ती। वहीं, सीतापुर के रामचंद्र ने बताया कि उनके जिले में अधिक भीड़ होने के कारण उन्होंने लखनऊ आकर ही अपने आधार कार्ड में संशोधन कराया।



जीपीओ में अपनी बारी का इंतजार करते आवेदक।

## सिटी ब्रीफ

### विधि छात्र को अगवा कर लूटपाट कर छोड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट में विधि छात्र को कार में अगवा कर मारपीट और लूटपाट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद व आठ अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बलिया निवासी विश्वजीत सिंह चिनहट के गहमरकुंज में किराए पर रहकर सिटी लॉ कॉलेज में पढ़ाई करते हैं। दो अप्रैल की रात करीब 12:30 बजे वह खाना लेने ढाबे पर गए थे। वहां मौजूद अखिल सक्सेना, नील वर्मा और आशीष ने गाली-गलौज शुरू कर दी। कुछ देर में उनके अन्य साथी भी पहुंच गए और छात्र को जबरन कार में बैठाकर अगवा कर लिया। आरोप है कि कार में बंधक बनाकर मारपीट की गई और पांच हजार रुपये व चेन लूट ली। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में उसे गोमतीनगर स्थित मनोज पांडेय चौराहे पर छोड़कर फरार हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### जाली दस्तावेज बनाकर बेचा मकान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजनौर गांव स्थित मकान के जाली दस्तावेज तैयार कर जालसाजों ने महिला की संपत्ति बेच दी और उस पर करीब 28 लाख रुपये का लोन भी ले लिया। मामले का खुलासा तब हुआ, जब खरीदार ने बैंक से लोन के लिए आवेदन किया। जांच में सामने आया कि पीड़िता की जगह दूसरी महिला को खड़ा कर खुद को मकान मालकिन बताकर रजिस्ट्री कराई गई। पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर के आदेश पर बिजनौर थाना पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। रायबरेली रोड स्थित सौभाग्य एल्डिको उद्यान-2 निवासी मनीषा सिंह ने बताया कि उन्होंने जनवरी 2023 में बिजनौर गांव में दो भूखंड खरीदे थे और बाद में मकान बनवाया। एक मकान नवंबर 2025 में बेचने के बाद मार्च 2026 में दूसरे मकान की बिक्री की प्रक्रिया शुरू हुई। इसी दौरान पता चला कि उसी मकान को फर्जी तरीके से सीमा डंग निवासी इंदिरानगर को बेच दिया गया है। आरोप है कि जाली दस्तावेजों के आधार पर गृहम हाउसिंग फाइनेंस से लोन भी लिया गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने सीमा डंग, सुभाष चंद्र, अंकित सिंह और एक अज्ञात महिला के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तीन मकानों का ताला तोड़कर जेवर चोरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में चोरों ने तीन बंद मकानों को निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवर, नकदी और कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। विभूतिखंड के विभवखंड-2 निवासी 70 वर्षीय कस्तूरी लाल जायसवाल परिवार सहित रिश्तेदारी में गए थे। 6 अप्रैल को लौटने पर मुख्य द्वार व कमरों के ताले टूटे मिले और सामान बिखरा पड़ा था। चोर सोने-चांदी के जेवर, गिन्नी, करीब 10 हजार रुपये नकद और चांदी की गणेश-लक्ष्मी मूर्तियां ले गए। सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर-डी वन निवासी अनुपमा पाल के घर भी चोरी हुई। वह नोएडा गई थीं। लौटने पर दरवाजे का ताला टूटा मिला और आलमारी से लाखों के जेवर व नकदी गायब थी इंदिरानगर के तकरोही स्थित पंचशील विहार निवासी विष्णु कुमार सिंह के घर भी चोरों ने धावा बोला। वह तीन दिन के लिए बाहर गए थे और लौटने पर ताले टूटे मिले। तीनों मामलों में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर फॉरेंसिक टीम से जांच कराई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोरों की तलाश जारी है।

### पांच के खातों से उड़ाए 11.47 लाख रुपये

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में साइबर जालसाजों ने महिला व सैन्यकर्मी समेत पांच लोगों के खातों से 11.47 लाख रुपये पार कर दिए। मामले कैंट, सरोजनीनगर, जानकीपुरम, बाजारखाला और कृष्णानगर क्षेत्रों के हैं। पुलिस ने सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर साइबर क्राइम सेल की मदद से जांच शुरू कर दी है। कैंट निवासी सैन्यकर्मी ज्ञानप्रकाश को क्रेडिट कार्ड रिवॉर्ड का झांसा देकर लिंक भेजा गया और एप डाउनलोड कराकर खाते से 1.84 लाख रुपये उड़ा लिए गए। जानकीपुरम के अभिषेक चौधरी के खाते से व्हाट्सएप लिंक के जरिए 7.61 लाख रुपये पार कर दिए गए बाजारखाला निवासी मो. शारिक अल्वी के खाते से पेटीएम के जरिए गिफ्ट कार्ड बनाकर 90 हजार रुपये निकाल लिए गए। कृष्णानगर की खुशबू वर्मा के नाम पर फर्जी क्रेडिट कार्ड बनाकर दुबई में 25 हजार रुपये का ट्रांजेक्शन किया गया। वहीं सरोजनीनगर की पायल अग्रवाल के कार्ड से 86,067 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए गए। पुलिस लोगों को सतर्क रहने की सलाह दे रही है।

# फंदा लगाने की रील बनाने में स्टूल से गिरा युवक, गला कसने से मौत

## कमरा बंद कर इंस्टाग्राम चलाकर गले में डाला था फंदा, मड़ियांव इलाके की घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



एक अन्य रील बनाता जाकिर व फाइल फोटो।

**अमृत विचारः** इंस्टाग्राम पर फॉलोसर्स बढ़ाने के जुनून में 19 वर्षीय मो. जाकिर ने अपनी जान गवां दी। मड़ियांव के अजीजनगर इलाके में 5 अप्रैल को इंस्टाग्राम पर फंदा लगाने का वीडियो बनाते समय जाकिर का पैर स्टूल से फिसल गया था। संतुलन बिगड़ने पर फंदा गले में कस गया। आवाज सुनकर परिजन दौड़े तो जाकिर लटका मिला। गंभीर हालत में परिजन ने पड़ोसियों की मदद से फंदे से उतारकर उसे बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां बुधवार सुबह को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

अजीजनगर निवासी मो. रफीक कबाड़ी का काम करते हैं। परिवार में पत्नी शहनाज और तीन बेटे जहांगीर, जबीर और जमील हैं। आठवीं तक पढ़ने के बाद चौथे बेटे जाकिर ने पढ़ाई छोड़ दी थी। वह पिता के साथ काम करता था। साथ ही वह इंस्टाग्राम और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर रील बनाकर अपलोड करता था। परिजन ने बताया कि रविवार को सभी लोग काम पर गए थे। घर पर जाकिर और मां शहनाज बानो थी। दोपहर को मां बर्तन किचन में खाना बना रही थी। जबकि कमरा बंद कर जाकिर फंदा लगाने की रील बना रहा था।

- पड़ोसियों ने पहुंचाया अस्पताल इलाज के दौरान हुई मौत

तखत पर स्टूल रखकर वह खड़ा हुआ और गले में फंदा डाला। चादर का एक सिरा पंखे से बांध रखा था। अचानक संतुलन बिगड़ने पर स्टूल से पैर फिसल गया। स्टूल गिरने की आवाज हुई तो मां दौड़कर भागी। कमरा अंदर से बंद था। काफी देर खटखटाया। कोई जवाब नहीं मिलने पर मां ने पड़ोसियों को मदद के लिए बुलाया। पड़ोसियों ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर जाकिर फंदे से लटका था। यह देख मां चींख पड़ी। पड़ोसियों ने आनन-फानन में फंदा खोलकर जाकिर को नीचे उतारा। उसके बाद निजी अस्पताल पहुंचाया। वहां से बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान रविवार सुबह जाकिर की मौत हो गई।

इंस्पेक्टर मड़ियांव शिवानंद मिश्रा ने बताया कि फंदा लगाने का वीडियो बनाते समय जाकिर स्टूल से गिरा था। गला कसने से उसकी मौत हो गई। घरवालों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है।

### खुला था इंस्टाग्राम मोबाइल में मिला वीडियो

छानबीन के दौरान परिजन को जाकिर का मोबाइल तखत के पास पड़ा मिला। उसमें इंस्टाग्राम खुला था। वीडियो भी मिला है। भाई इंस्टाग्राम का वीडियो भी पोस्ट करता था। वह बताता था कि उसके फॉलोअर्स बढ़ रहे हैं। बोलता था कि उसकी रील पर फॉलोअर्स और लाइक बढ़ेंगे तो रुपये भी मिलेंगे। उसके इंस्टाग्राम पर 1726 फॉलोअर्स थे। इंस्टा पर उसने खुद को डिजिटल क्रिएटर बताया। अकाउंट में 11 पोस्ट मिले हैं। एक पोस्ट में सरिया के बंडल में बंधे युवक को पानी पिलाते हुए वीडियो बनाया गया। उसके बैकग्राउंड में आवाज आ रही है कि वो इंसान कभी हार नहीं मान सकता, जिसकी उम्मीद अल्लाह से हो। उक्त पोस्ट को 2617 से अधिक लोगों ने लाइक किया था।

# 100 किमी की रफ्तार में दौड़ाई कार दो दोस्तों को ठोका, घटना कैमरे में कैद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- हादसे में एक दोस्त तीन दिन से आईसीयू में, दूसरे के सिर, पैर व पसलियों में फ्रैक्चर
- पिता की तहरीर पर विभूतिखंड थाने में रिपोर्ट दर्ज



**अमृत विचार :** विशेषखंड स्थित बीएसएनएल कार्यालय के पास तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे दो दोस्तों को टक्कर मार दी। करीब 100 किमी की रफ्तार से आ रही कार की टक्कर से एक युवक हवा में उछलकर विंडशील्ड से जा टकराया, जबकि दूसरा करीब 20 फुट दूर जा गिरा। हादसे के बाद चालक कार छोड़कर फरार हो गया। दोनों घायलों को राहगीरों की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां एक की हालत गंभीर बनी हुई है और वह तीन दिन से आईसीयू में भर्ती है। पूरी घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

कानपुर के किदवई नगर निवासी शरद कुमार शुक्ला के अनुसार उनका बेटा अभिनव शुक्ला गोमतीनगर के विकल्पखंड में रहकर निजी कंपनी में काम करता है। सोमवार सुबह करीब 10:30 बजे वह अपने सहकर्मी प्रतीक शर्मा के साथ चाय पीने जा रहा था, तभी नीले रंग की बेकाबू कार ने दोनों को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद चालक मौके से फरार हो गया।

सूचना पर डॉयल-112 पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया। पिता के मुताबिक सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि टक्कर के बाद कार ने प्रतीक को भी रौंदते हुए भागने की कोशिश की। अभिनव के सिर में गंभीर चोट है, जबकि प्रतीक के सिर, पसलियों और पैर में फ्रैक्चर है। जांच में पता चला कि कार पर पहले से 12 चालान दर्ज हैं। विभूतिखंड पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर कार कब्जे में लेकर चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### ट्रिपलिंग कर दौड़ाई बाइक, फिसलने से छात्र की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** ठाकुरगंज के कुड़ियाघाट ढाल पर मंगलवार दोपहर बाइक फिसलने से ट्रिपलिंग कर रहे छात्र समेत तीन लोग घायल हो गए। घटना देख राहगीरों ने डॉयल-112 पर सूचना दी। पुलिस ने तीनों घायलों को अस्पताल में पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने छात्र को मृत घोषित कर दिया। इकलौते बेटे की मौत से परिवार में मातम पसर गया। बुधवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। ठाकुरगंज निवासी सुनील गौतम चालक हैं। परिवार में पत्नी संतोषी हैं। उनका इकलौता बेटा सूरज गौतम (17) निजी स्कूल में इंटर का छात्र था। मामा संतोष ने बताया कि मंगलवार दोपहर सूरज गौतम अपने दो दोस्तों के साथ एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहा था। कुड़ियाघाट के पास ढाल पर बाइक मोड़ते वक्त अचानक फिसल गई। जिससे तीनों लोग सड़क पर जा गिरे। हादसे में तीनों घायल हो गए। घटना देख राहगीर मदद के लिए दौड़े। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसी बीच जानकारी पर परिवारवाले भी आ गए। पुलिस की मदद से परिजन सभी को गंभीर हालत में निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने सूरज की हालत गंभीर बताते हुए बलरामपुर अस्पताल रेफर कर दिया। वहां पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सूरज बिना हेल्मेट के बाइक चला रहा था। बाइक की रफ्तार अधिक थी। मोड़ पर बाइक मोड़ने के दौरान बाइक फिसल गई और तीनों सड़क पर जा गिरे। सूरज के सिर पर गंभीर चोट आ गई।



# सराफ को पीटकर रिवॉल्वर लूटने वाले तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लूटी गई रिवॉल्वर व मोबाइल बरामद

**अमृत विचारः** फुलवरिया मोड़ स्थित एक होटल में बर्थडे पार्टी के दौरान पार्किंग विवाद में सगे भाइयों को पीटकर लाइसेंसी रिवॉल्वर और मोबाइल लूटने के तीन आरोपियों को मोहनलालगंज पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से लूटी गई रिवॉल्वर और फोन बरामद किया है।

तेलीबाग निवासी हेमंत सोनी अपने भाई शंकर सोनी के साथ सोमवार शाम अपने दोस्त राजा गुप्ता के बेटी के मुंडन व बर्थडे पार्टी में शामिल होने मोहनलालगंज के फुलवरिया मोड़ के पास एक होटल में आये थे। वहां गाड़ी पार्किंग को लेकर हरिकंशगढी में रहने वाले आर्यन सिंह से विवाद हो गया। बात बढ़ने पर आरोपियों ने दोनों भाइयों पर हमला कर रिवॉल्वर व मोबाइल लूट लिया था। पुलिस ने हेमंत सोनी की तहरीर पर रवि सिंह, आर्यन सिंह, निखिल सिंह सहित दो अज्ञात के खिलाफ डकैती की धाराओं में मामला दर्ज किया था। शंकर सोनी का इलाज अभी भी निजी अस्पताल में चल रहा है।

रिपोर्ट दर्ज होने की सूचना पर आरोपियों ने अपने मोबाइल फोन बंद कर लिए। तीनों आरोपी मोहनलालगंज क्षेत्र के पास एक निर्माणाधीन मकान के बेसमेंट में छिपे हुए थे। पुलिस ने वहीं से तीनों को दबोच लिया। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि आरोपी रवि सिंह उर्फ विक्की सिंह के पास से रिवॉल्वर, आर्यन सिंह निवासी हरिकंशगढ़ी के पास से चार जिंदा कारतूस व विशेष त्रिवेदी उर्फ राज पंडित निवासी हुलासखेड़ा के पास से लूट का मोबाइल फोन बरामद हुआ है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

# बुजुर्ग का जेवर से भरा बैग लेकर ई-रिक्शा चालक फरार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ




कैमरे में कैद हुआ रिक्शाचालक। अमृत विचार

**अमृत विचारः** नक्खास तिराहे के पास ई-रिक्शा चालक बुजुर्ग का लाखों रुपये के गहनों से भरा बैग लेकर फुर्र हो गया। सीसीटीवी कैमरे में आरोपी की करतूत कैद हुई है। इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर फुटेज की मदद से आरोपी की तलाश की जा रही है।

सआदतगंज के नौबस्ता निवासी 58 वर्षीय करुणा शंकर ने बताया कि 27 मार्च की दोपहर करीब तीन बजे करीब 200 ग्राम जेवर व चांदी के सिक्के बैग में लेकर मरम्मत कराने व उक्त सामान के बदले दूसरे जेवर लेने के लिए चौक जा रहे थे। बैग में जेवर होने का आभास होने पर चालक ने ई-रिक्शा नक्खास तिराहे से मोड़कर अवध प्वाइंट पर उतारा।

सीट पर बैग रखकर वे किराया देने लगे। मौका देख चालक ने ई-रिक्शे को अमीनाबाद रूट पर दौड़ा लिया। पीड़ित करुणा शंकर ने शोर मचाया लेकिन जब तक राहगीर समझते, चालक फरार हो गया। पीड़ित ने अमीनाबाद जाकर खोजबीन की। चालक का पता न चलने पर नक्खास चौकी पर सूचना दी। दस दिन तक कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने चौक कोतवाली में शिकायत की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# कैफे की आड़ में चल रहा हुक्का बार, दो गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- संचालक फरार, बाजारखाला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचारः** बाजारखाला स्थित गोटिक कैफे की आड़ में धड़ल्ले से चल रहे हुक्का बार पुलिस ने छापा मारा। पुलिस ने घेराबंदी कर दो कर्मचारियों को गिरफ्तार किया है। मौके से पांच हुक्के, चिलम, पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू, चारकोल और अन्य सामान बरामद किया है। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर हुक्का बार के तीन संचालकों की तलाश कर रही है।

डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि कुछ दिनों से हैदरगंज तिराहा स्थित गोटिक कैफे में चल रहे हुक्का बार की सूचना मिल रही थी। 6 अप्रैल को सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक शिवानंद, योगेश चंद्र पुलिस टीम को लेकर वहां पहुंचे। कैफे के हॉल में धुआं फैला और टेबल पर हुक्के रखे थे। पुलिस को देख वहां अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस ने घेराबंदी कर दो लोगों को पकड़ लिया।

पूछताछ में दोनों ने अपना नाम आशीष तिवारी निवासी भदेवां बाजारखाला और जय साहू निवासी पुराना हैदरगंज बाजारखाला बताया। आरोपियों ने कबूला कि कैफे के मालिक फरहान अली, फैजान और सऊद हैं। जो आपके आने से कुछ मिनट पहले ही चले गए थे। पकड़े गए दोनों आरोपी वहीं पर हुक्का परोसने का काम करते हैं।

इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह ने बताया कि मौके से पांच हुक्के, चिलम, पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू, इलेक्ट्रानिक हुक्का स्टार्ट, हीटर व अन्य सामान बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपियों से लाइसेंस मांगा तो वह नहीं दिखा सके। उपनिरीक्षक शिवानंद की तहरीर पर पांचों आरोपियों के खिलाफ बाजारखाला कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गयी है।

# सवारी बन महिला के बैग से जेवर उड़ाने वाले गिरोह का भंडाफोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ऑटो चालक समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचारः** ऑटो में सवारी बनकर महिला का बैग काटकर लाखों के गहने पार करने करने वाले गिरोह का नाका पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने ऑटो चालक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब डेढ़ लाख के जेवर व चोरी में प्रयुक्त ऑटो बरामद किया है।

डीसीपी पश्चिम कमलेश दीक्षित ने बताया कि गोमतीनगर बड़ी जुगौली निवासी दिव्यांग शैलेश तिवारी नकी पत्नी नीतू कानपुर में रिश्तेदार के घर आयोजित कार्यक्रम शामिल होकर 30 मार्च की सुबह 9 बजे रोडवेज बस से लौटी। आलमबाग बस अड्डे से गोमतीनगर जाने के लिए वह ऑटो में बैठ गयी। पिछली सीट पर दो युवक और आगे चालक के बगल में एक युवक बैठा था।

नीतू ने बताया कि जेवर वाला बैग वह गोद में लिए थे। चालक के कहने पर पीड़िता ने बैग ऑटो में नीचे रख दिया। घर पहुंचने पर पीड़िता ने बैग खोला तो जेवर गायब थे। चेक करने पर बैग साइड से कटा मिला था। 31 मार्च को पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर नाका पुलिस व सर्विलांस टीम को केस पर लगाया गया। बुधवार को इंस्पेक्टर नाका अभिनव वर्मा व उनकी टीम ने दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन के पास से तीन आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम मोहम्मद इकरार उर्फ कल्लू निवासी ग्राम कतुरी खुर्द बड्डूपुर बाराबंकी हाल पता सबौली विकास नगर, अरमान निवासी गौस नगर मडियांव और अफजाल अहमद निवासी ग्राम दहीरपुर जालपुर नागल बिजनौर बताया।

# डेढ़ साल से पुलिस को चकमा दे रहे आरोपी ने की आत्महत्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आदर्श प्रजापति

- सुसाइड नोट में माता-पिता को बोला सॉरी, महिला मित्र के लिए लिखा अगले जन्म मिलेंगे
- किराना व्यापारी की मौत के मामले में था फरार, जारी था वारंट, होनी थी कुर्की

**अमृत विचारः** बाजारखाला में किराना व्यापारी की मौत के मामले में डेढ़ साल से फरार चल रहे आरोपी आदर्श ने बुधवार सुबह तालकटोरा इलाके में चादर के फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को सुसाइड नोट मिला। जिसमें उसने माता-पिता से मॉफी और महिला मित्र के लिए लिखा कि तुमसे प्यार करता हूं, इस जन्म में नहीं मिल सके अगले जनम में मिलेंगे। एनबीडब्ल्यू जारी होने के बाद आरोपी के खिलाफ कुर्की के आदेश जारी किए गए थे।

बाजारखाला न्यू तिलक नगर निवासी किराना व्यापारी आयुष गुप्ता 28 अगस्त 2024 को दिल्ली से लौटा था। घर में गाड़ी खड़ी कर वह कहीं चला गया था। 29 अगस्त को बहन सलोनी को आयुष के अपहरण की सूचना मिली। अगले दिन बलरामपुर अस्पताल से कॉल आई कि आयुष की जहर से मौत हो गई है। पिता मनोज गुप्ता ने रवि वर्मा, बलराम, आदेश, डॉक्टर अभिषेक, बादल, निखिल, दिपांशु, तुषार व तीन अन्य के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में जहर से मौत की पुष्टि हुई थी। सीसीटीवी फुटेज व अन्य साक्ष्य के आधार पर मामले में खुदकुशी के लिए उकसाने में तरमीम किया गया था।

इंस्पेक्टर बाजारखाला बृजेश सिंह ने बताया कि पुलिस जांच में सआदतगंज के बीबीगंज लाल शिवाला निवासी आदर्श प्रजापति (30) का नाम भी उजागर हुआ था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से आदर्श फरार था। कोर्ट ने आदर्श के खिलाफ एनबीडब्ल्यू जारी किया। जिसके बाद कुर्की के आदेश जारी किए थे। परिवार से बिना मिले और पुलिस से छिपकर आदर्श पिछले डेढ़ वर्षों से राजाजीपुरम एफ-ब्लॉक में किराए के मकान में रहकर ऐशबाग में एक सीए के पास अकाउंटेट था।

बुधवार सुबह उसका शव कमरे में चादर के फंदे से पंखे के सहारे लटकता मिला। शिनाख्त होने पर सूचना बाजारखाला पुलिस भी पहुंची। इंस्पेक्टर तालकटोरा कुलदीप दुबे ने बताया कि छानबीन के दौरान दो सुसाइड नोट मिले हैं। एक में मम्मी पापा मुझे माफ करना, इसके अलावा परिवारीजनों के बारे में लिखा है। एक महिला मित्र का भी आदर्श ने जिक्र करते हुए लिखा है कि मैं तुमसे प्यार करता हूं, इस जनम में नहीं मिल सका अगले जनम में तुमसे मिलूंगा। इंस्पेक्टर ने बताया कि प्राथमिक जांच में पता चला है कि प्रेम प्रसंग के कारण आत्महत्या की है।

**जालसाजी** | स्वास्थ्य विभाग से क्षय रोग जागरूकता अभियान के वर्क ऑर्डर का दिया था झांसा

# एनजीओ खोलकर नौकरी के नाम पर 150 बेरोजगारों से ठगे एक करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महाराजगंज, गोरखपुर, देवरिया समेत अन्य जिलों के पीड़ित हुए शिकार
- डीसीपी पूर्वी के आदेश पर विकासनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज




**अमृत विचार :** विकासनगर में जालसाजों ने फर्जी एनजीओ के जरिए नौकरी दिलाने का झांसा देकर करीब 150 बेरोजगारों से एक करोड़ रुपये की ठगी की। आरोपियों ने खुद को एनजीओ संचालक बताते हुए स्वास्थ्य विभाग से क्षय रोग जागरूकता अभियान का वर्क ऑर्डर मिलने की बात कही और विभिन्न पदों पर भर्ती के नाम पर रकम वसूलकर नियुक्ति दे दी। पीड़ित जब ब्लॉक व जिला स्तर पर काम करने पहुंचे तो स्वास्थ्य विभाग ने ऐसी किसी योजना से इनकार कर दिया। मामला सामने आने पर विकासनगर पुलिस ने संचालक समेत तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

महाराजगंज, गोरखपुर और देवरिया के पीड़ितों ने बताया कि उनकी मुलाकात कुछ माह पहले देवरिया निवासी पारसनाथ खरवार से हुई थी। आरोपी ने विकासनगर सेक्टर-6 में बेक फाउंडेशन और जीवन पथ फाउंडेशन नाम से एनजीओ होने का दावा किया। उसने बताया कि संस्था को स्वास्थ्य विभाग से क्षय रोग जागरूकता अभियान का काम मिला है और विभिन्न पदों पर भर्ती चल रही है, जिसमें 31 हजार से 90 हजार रुपये तक वेतन मिलेगा। भर्ती के नाम पर अभ्यर्थियों से 90 हजार से 1.10 लाख रुपये तक जमा कराए गए। विश्वास दिलाने के लिए विकासनगर स्थित कार्यालय दिखाकर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कराई गई। रुपये लेने के बाद अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र, आईडी कार्ड और ज्वाइनिंग लेटर भी दिए गए।

इसके बाद अभ्यर्थियों से कहा गया कि वे अपने अधीन टीम बनाकर फील्ड में काम करें और अभियान को जन-जन तक पहुंचाएं। पीड़ितों के अनुसार महानगर के एक होटल में प्रशिक्षण भी कराया गया, जिससे उन्हें भर्ती प्रक्रिया असली लगी। आरोप है कि पारसनाथ ने ऑनलाइन और नकद मिलाकर करीब एक करोड़ रुपये ठगे। जब अभ्यर्थी फील्ड में पहुंचे तो स्वास्थ्य विभाग ने योजना से इनकार कर दिया और वर्क ऑर्डर मांगा। इसके बाद आरोपियों पारसनाथ खरवार, विपिन सिंह और प्रताप सिंह से संपर्क करने पर उनके मोबाइल बंद मिले। रुपये वापस मांगने पर गाली-गलौज कर धमकी दी गई।

पीड़ितों ने डीसीपी पूर्वी दीक्षा शर्मा से शिकायत की। उनका कहना है कि पीड़ितों की संख्या करीब 150 है। शुरुआती जांच के बाद विकासनगर पुलिस ने पारसनाथ खरवार, विपिन सिंह और प्रताप सिंह के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। एसओ विकासनगर आलोक सिंह के अनुसार अब तक चंद्रमणि तिवारी, गरिमा पाठक, मनीषा पटेल, मुशीर अहमद खान, ललिता, सचिन पाठक, सविता राय, अरविंद गुप्ता, अमित सिंह, अजीत सिंह, अभय शर्मा, कमलेश रावत, नेहा उर्फ फातिमा, अनीता शर्मा, नमिता तिवारी, जयशंकर तिवारी और अशोक पांडेय के नाम सामने आए हैं।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता, आलमबाग

**अमृत विचारः** आशियाना में निर्माणाधीन मकान में किशोरी से दुष्कर्म मामले में नया मोड़ आ गया है। पहले सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाने वाले परिजन ने सिर्फ सर्वजीत को ही आरोपी बताया। पुलिस ने मुख्य आरोपी सर्वजीत निषाद को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। पुलिस ने किशोरी को बयान के लिए मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया। सूत्रों की मानें तो बयान में किशोरी ने सर्वजीत पर ही दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पुलिस अन्य आरोपियों की भूमिका की जांच कर रही है।

जेसीपी कानून एवं व्यवस्था बबलू कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी सर्वजीत मूल रूप से सीतापुर के रेउसा भरथा का रहने वाला है। वहां आशियाना इलाके में एक साल से रहकर मजदूरी करता था। किशोरी मंगलवार रात घरों में काम करके लौट रही थी। आंधी और पानी के दौरान उसने निर्माणाधीन मकान में शरण ली थी। सर्वजीत भी वहां पहुंच गया था। उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया था। साक्ष्यों के आधार पर इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने उसकी गिरफ्तारी की है। इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि किशोरी के भाई ने पहले पांच लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म करने बात बताई थी। उस आधार पर सर्वजीत के साथ ही चार अन्य को भी हिरासत में ले लिया गया था।

# फास्ट फूड छोड़ें, पूरी नींद लें तभी स्वस्थ रहेगा दिल

## दिल की बीमारियों के आधुनिक इलाज और जांच तकनीकों पर चर्चा के लिए अटल विवि में आज से जुटेंगे 10 हजार विशेषज्ञ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय में होगा चार दिवसीय सम्मेलन
- दूसरे दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बतौर मुख्य अतिथि होंगे शामिल

**अमृत विचार :** दिल की बीमारियों की रोकथाम, आधुनिक इलाज, नई दवाओं और जांच तकनीकों पर चर्चा के लिए नेशनल इंटरवेंशनल काउंसिल की ओर से गुरुवार से चार दिवसीय एक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश-विदेश के करीब 1000 डॉक्टर शामिल होंगे। इस चार दिवसीय इस सम्मेलन में युवा चिकित्सकों को विशेषज्ञ प्रशिक्षण देंगे। दूसरे दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। ये जानकारी बुधवार कोअटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी के कन्वेंशन सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में केजीएमयू के लारी कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ. शरद चन्द्रा ने दी।

डॉ. शरद चन्द्रा ने दिल की बीमारियों के तेजी से बढ़ते मामलों को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि खराब खानपान और बिगड़ी जीवनशैली के कारण कम उम्र के लोग भी हृदय रोगों की चपेट में आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि, दिल को स्वस्थ रखने के लिए रोजाना कम से कम 12 हजार कदम पैदल चलना बेहद जरूरी है। मोटापे पर नियंत्रण रखकर हृदय रोगों के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

डॉ. गौरव चौधरी ने कहा कि फास्ट फूड और कोल्डड्रिंक का अधिक सेवन दिल की बीमारियों की बड़ी वजह बन रहा है। इनमें अधिक मात्रा में फैट, शुगर और नमक होता है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ाकर हृदय पर नकारात्मक असर डालता है। इससे हाई ब्लड प्रेशर, मोटापा और हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने संतुलित और पौष्टिक आहार अपनाने की सलाह दी। लारी कार्डियोलॉजी विभाग के डॉ. अखिल शर्मा ने कहा कि, दिल के मरीजों को डॉक्टर की सलाह के अनुसार नियमित दवाएं लेनी चाहिए, क्योंकि दवा छोड़ने से हृदय की सेहत पर गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते डॉ. शरद चन्द्रा, डॉ. गौरव चौधरी, डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी और डॉ. अखिल शर्मा।

### तनाव भी बन सकता है हृदय रोगों का कारण

■ डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के कार्डियोलॉजी विभाग के अध्यक्ष डॉ. भुवन चन्द्र तिवारी ने कहा कि दिल को स्वस्थ रखने के लिए कम से कम आठ घंटे की नींद जरूरी है। नींद की कमी से तनाव बढ़ता है, जो हृदय रोगों का कारण बन सकता है। उन्होंने बताया की शुरू हो रहे इस सम्मेलन में जटिल कोरोनरी एंजियोप्लास्टी, स्ट्रक्चरल हार्ट इंटरवेंशन, इंट्रावैस्कुलर इमेजिंग, अत्याधुनिक डिवाइस थेरेपी जैसी उन्नत तकनीकों को प्रदर्शित किया जाएगा। विशेषज्ञ चिकित्सक चरण-दर-चरण प्रक्रियाओं की जानकारी, इंटरैक्टिव चर्चा और रियल-टाइम निर्णय लेने की रणनीतियां साझा करेंगे, जिससे कार्डियोलॉजिस्ट, फेलो और स्नातकोत्तर छात्रों के लिए सीखने का अनुभव और भी समृद्ध होगा।

## केजीएमयू में सर्वर ठप मरीज-तीमारदार परेशान

**अमृत विचार, लखनऊ :** केजीएमयू में सर्वर ठप होने से बुधवार सुबह करीब 10 बजे से लिंब सेंटर में पंजीकरण बंद हो गया। मरीजों और तीमारदारों को इंतजार करना पड़ा। एक्स-रे समेत अन्य जांचों का शुल्क तो लिया गया, लेकिन नहीं मिल सकी। इससे मरीजों ने हंगामा भी किया। स्थिति बिगड़ती देख अधिकारियों ने हाथ से पर्चे बनाने के निर्देश दिए। दोपहर 12 बजे तक मैनुअल तरीके से पर्चे और रसीदें दी गईं। बाद में मोबाइल इंटरनेट की मदद से कंप्यूटर सिस्टम को जोड़ा गया, जिसके बाद शुल्क जमा करने की प्रक्रिया धीरे-धीरे शुरू हो सकी।सर्वर डाउन का असर पैथोलॉजी और रेडियोलॉजी विभागों पर भी पड़ा। जांच रिपोर्ट न मिलने से मरीज बेहाल रहे और उन्हें घंटों इंतजार करना पड़ा।

## सिटी ब्रीफ

### दया का घर में मनाया ईस्टर मिलन समारोह

**अमृत विचार, लखनऊ :** अनौरा कालिया खेड़ा मोड़ स्थित आरके मैरिज लॉन में दया का घर की ओर से ईस्टर मिलन समारोह का आयोजन किया गया। ईसा मसीह के पुनरुत्थान (जी उठने) की खुशी में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। चर्च के संस्थापक आर्च बिशप डॉ. आरसी शेत ने जनसभा को मानवता और शांति का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि यीशु मसीह ने जनमानस के कल्याण के लिए स्वयं को क्रूस पर बलिदान कर दिया। ईश्वर ने मानव को पापों की दासता से मुक्ति दिलाने और शांति स्थापित करने के लिए इंसान के रूप में जन्म लिया। आज का दिन उनके पुनरुत्थान और विजय का उत्सव है। समारोह में पास्टर विजय इमैनुअल, राजेश सिंह चौहान, भाजपा नेता मुकेश शर्मा, बिशप मयंक डेविड, पास्टर रॉबिंसन, पास्टर अजय कुमार और पास्टर विनोद मौजूद रहे।

### संगीत समारोह में भूपेन्द्र आमंत्रित

**अमृत विचार, लखनऊ :** संकट मोचन फाउंडेशन वाराणसी के संकट मोचन संगीत समारोह में लखनऊ के भूपेन्द्र कुमार अस्थाना 9 से 11 अप्रैल तक रेखांकन आधारित कलाकृति तैयार करेंगे। 6 से 11 अप्रैल तक होने वाले इस आयोजन में भक्ति, संगीत और सृजन की छटा विखरेगी आयोजन में इस वर्षचित्रकला एवं मूर्तिकला कार्यशालाएं, प्रदर्शनी तथा कला प्रतियोगिता कराई जा रही हैं। समारोह में कला समीक्षक एवं समन्वयक के रूप में राजेंद्र शर्मा, सुलेमान, सुभो सरकार, आलोक राय, जयंत सिंह, राजेश कुमार, डॉ. सुनील विश्वकर्मा, अनिल शर्मा, मनीष खत्री, प्रवीण पटेल, प्रो. उत्तमा दीक्षित, डॉ. संजय कुमार सिंह, राजीब लोचन साहू, डॉ. सुरेश जांगिड़, मानती शर्मा, रवि शंकर, अक्षत कुमार सिंह, पवन चौरसिया, जय गुप्ता, आशीष राय एवं अंकिता जायसवाल शामिल हैं।

### लखनऊ विवि में टर्फ विकेट का उद्घाटन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के परांजपे पवेलियन ग्राउंड में बुधवार को ऐतिहासिक क्रिकेट टर्फ विकेट का उद्घाटन और एलयू कप क्रिकेट टूर्नामेंट का ग्रांड फिनाले आयोजित हुआ। कार्यक्रम का आयोजन एथलेटिक एसोसिएशन के चेयरमैन प्रो. आरबी सिंह और महासचिव प्रो. अजय कुमार आर्या की ओर से किया गया। उद्घाटन प्रो. जय प्रकाश सैनी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. अमिता कन्नौजिया सहित कई शिक्षक मौजूद रहे। फाइनल मुकाबले में लखनऊ विश्वविद्यालय ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 65 रन बनाए। जवाब में इंडिया इलेवन ने 14 ओवर में लक्ष्य हासिल कर खिताब जीत लिया।

### जिलास्तरीय कैरम प्रतियोगिता कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** जिला कैरम एसोसिएशन और इरीगेशन स्पोर्ट्स क्लब के देखरेख में 10 से 14 अप्रैल तक सिंचाई विभाग मुख्यालय (कैंट रोड) के इरीगेशन स्पोर्ट्स क्लब में जिला स्तरीय कैरम प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इस पांच दिवसीय स्पर्धा में लखनऊ के सरकारी, अर्धसरकारी और निजी संस्थानों के कार्यरत व सेवानिवृत्त कर्मचारी हिस्सा ले सकेंगे। प्रतियोगिता में टीम चैंपियनशिप (लीग कम नॉक आउट), पुरुष व महिला एकल, युगल और वेटरन इवेंट्स होंगे। टीम चैंपियनशिप के लिए एक टीम में 4 से 5 खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। प्रविष्टियां जमा करने की अंतिम तिथि 8 अप्रैल थी।


अमेरिका-इज़राइल और ईरान के बीच युद्धविराम के बाद छोटा इमामबाड़ा में दुआ करते शिया समुदाय के लोग। अमृत विचार

# शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने युद्धविराम को बताया ईरान की जीत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक बुधवार को विक्टोरिया स्ट्रीट स्थित शिया डिग्री कॉलेज के सईदुल मिल्लत हाल में हुई। बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद साइम मेहदी नकवी की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में अमेरिका-इजराइज और ईरान के बीच युद्धविराम को ईरान की जीत बताया गया।

बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा कि 40 दिनों चले युद्ध में जीत ईरान की जीत से साबित हो गया कि वह दुनिया की एक उभरती महाशक्ति के रूप में स्थापित हो गया है।

उन्होंने कहा कि दुनिया आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनेई की कुर्बानी नहीं भूलेगी। बोर्ड के अध्यक्ष ने कहा कि अमेरिका और इज़राइल ने युद्ध के दौरान अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन नहीं किया और हजारों निर्दोष नागरिक ईरान में मारे गए। ईरान ने धैर्य के साथ युद्ध का सामना किया और विजेता के रूप में उभरा है।

### अली जैदी ने किया युद्धविराम का स्वागत

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तर प्रदेश शिया सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष अली जैदी ने ईरान-अमरीका के बीच युद्धविराम का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम हिंसा को रोकने, निर्दोष लोगों की जान बचाने और मानवीय संकट को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा। हम विशेष रूप से ईरानी पक्ष के धैर्य और उसके उस रुख की सराहना करते हैं। जैदी ने कहा कि सभी पक्षों को युद्धविराम का पूर्ण रूप से पालन करना चाहिए और किसी भी प्रकार की उकसावे वाली कार्रवाई से बचना चाहिए, उन्हें संवाद तथा कूटनीति के माध्यम से स्थायी समाधान की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

### छोटे इमामबाड़े में अदा किया खुदा का शुक्र

■ **अमृत विचार, लखनऊ :** छोटे इमामबाड़े में शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि ये कामयाबी हम सबकी दुआओं का असर है, अल्लाह ने हमारी फरियाद कबूल की और ईरान अपने मिशन में कामयाब हुआ। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का बातचीत की ओर आना इस जीत का बड़ा संकेत है। नमाज़-ए-ज़ोहर के बाद दोपहर एक बजे हुसैनाबाद स्थित छोटा इमामबाड़ा में मौलाना ने उलमा और मोमिनीन के साथ मिलकर शुक्र-ए-इलाही व शुक्र-ए-मोहम्मद व आले मोहम्मद अदा किया।

## महिलाओं को बताए उत्पीड़न से लड़ने के अधिकार

**अमृत विचार, लखनऊ:** महिला कल्याण विभाग की तरफ से बुधवार को विकास भवन के लोहिया सभागार में मिशन शक्ति 5.0 के तहत लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम-2013 पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिला विकास अधिकारी अजीत कुमार की अध्यक्षता में हुई इस कार्यशाला में महिलाओं,युवतियों को उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने के अधिकार बताए। एसीपी महिला अपराध सौम्या पांडेय ने विधिक जानकारी दी। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधाकर शरण पांडेय ने पॉक्सो एक्ट की सभी धाराएं बताईं। शी बाक्स पोर्टल की सभी प्रक्रियों से अवगत कराया। कहा कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी जिला स्तरीय सरकारी/ गैर सरकारी कार्यालय, प्रतिष्ठान, उपक्रम आदि में आंतरिक परिवाद समिति का गठन करके सूचना बोर्ड पर चस्पा करना अनिवार्य है। जिला स्तरीय कार्यालयों में गठित आंतरिक परिवाद समिति के पदाधिकारी/सदस्य, शिक्षक, आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, स्वैच्छिक संगठनों के संस्थापकों ने प्रतिभाग किया।


कथा वाचक आचार्य उमेश कुमार मिश्रा को अंग वस्त्र पहनातीं महिला श्राद्धालु।

# रुक्मणी-कृष्ण विवाह का सुनाया प्रसंग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** हरिश्चंद्र वंशीय समाज महिला समिति सुहासिनी की ओर से राजा बाजार गीता भवन में श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में बुधवार को रुक्मिणी विवाह का प्रसंग सुनाया गया।

आचार्य उमेश कुमार मिश्रा ने कहा कि भगवान के शरणागत होने से ही जीव का कल्याण संभव है। जब तक मनुष्य संसार के मोह-माया में उलझा रहता है, वह वास्तविक शांति प्राप्त नहीं कर सकता। रुक्मिणी और कृष्ण का विवाह आत्मा का परमात्मा से मिलन का प्रतीक है। उन्होंने आगे कहा कि जिस प्रकार रुक्मिणी ने अपना सर्वस्व कृष्ण को समर्पित कर दिया, उसी प्रकार भक्तों को भी निष्काम भाव से भक्ति करनी चाहिए। गृहस्थ जीवन में रहते हुए भी यदि मनुष्य अपने कर्मों को भगवान के चरणों में अर्पित कर दे, तो उसका जीवन सार्थक हो जाता है।

गुरुवार को सुदामा चरित्र और परीक्षित मोक्ष का प्रसंग सुनाया जाएगा। सुहासिनी की अध्यक्ष रागिनी रस्तोगी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सीमा रस्तोगी, मंत्री शालिनी रस्तोगी, कोषाध्यक्ष ऋचा रस्तोगी, संगठन मंत्री क्षमा रस्तोगी समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


बलिदान दिवस कार्यक्रम में शामिल कई संगठनों के पराधिकारी। अमृत विचार

### अमर शहीद मंगल पाण्डे को दी श्रद्धांजलि

**अमृत विचार, लखनऊ :** अमर शहीद मंगल पाण्डे के बलिदान दिवस पर सामाजिक और राष्ट्रवादी संगठनों ने श्रद्धांजलि सभा और संगोष्ठी का आयोजन किया। इसमें ओम ब्राह्मण महासभा, ब्राह्मण परिवार, अखिल भारतीय ब्राह्मण संगठन महासंघ, राष्ट्रवादी ब्रह्म महासभा, सनातन महासभा, सम्मान समिति और अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा के पदाधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि राम बहादुर दुबे रहे, अध्यक्षता एच एन पाण्डे ने की। ब्राह्मण परिवार के महासचिव राम केवल मिश्रा ने मंगल पाण्डे की वीर गाथा का वर्णन किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण संगठन महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष असीम पाण्डे विस्सु ने भारत रत्न देने की मांग की। भूपेंद्र प्रताप सिंह, सीमा मिश्रा, किरन शर्मा, ममता शुक्ला समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। संचालन धनंजय द्विवेदी ने किया।

## वर्चुअल लैब्स पर कार्यशाला का आयोजन

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में वर्चुअल लैब्स विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का संचालन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानड़की के विशेषज्ञों की टीम द्वारा किया गया। जिसका उद्देश्य छात्रों एवं शिक्षकों को डिजिटल शिक्षण के आधुनिक आयामों से जोड़ते हुए व्यावहारिक ज्ञान को सुदृढ़ करना था। वर्चुअल लैब नोडल सेंटर के समन्वयक डॉ. हेमंत कुमार सिंह ने बताया कि वर्चुअल लैब्स आज के तकनीकी युग में शिक्षा को अधिक सुलभ, प्रभावी और इंटरैक्टिव बनाने का सशक्त माध्यम हैं। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अजय तनेजा की उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित शिक्षा आज की आवश्यकता है, और वर्चुअल लैब्स के माध्यम से छात्र बिना भौतिक प्रयोगशाला के भी प्रयोगों का अनुभव प्राप्त कर सकते हैं।

## सिटी डायरी


महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा के अनावरण के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल, नीरज सिंह और क्षेत्रीय पार्षद।

### डालीगंज में महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा का अनावरण हुआ

**अमृत विचार, लखनऊ :** मनकामेश्वर वार्ड के डालीगंज क्षेत्र में आदि कवि महर्षि वाल्मीकि की कांस्य प्रतिमा का अनावरण एवं "महर्षि वाल्मीकि आशीर्वाद मंडपम" का लोकार्पण बुधवार को किया गया। मुख्य अतिथि महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि महर्षि वाल्मीकि का जीवन हम सभी को सत्य, मर्यादा, समानता और मानवता के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। महापौर ने वार्ड में पार्षद रंजीत सिंह द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और जनसुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। विधायक उत्तर डॉ. नीरज बोरा, नीरज सिंह, प्रदेश मंत्री भाजपा (अनुसूचित मोर्चा) राहुल वाल्मीकि, महानगर महामंत्री घनश्याम अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष सौरभ वाल्मीकि, अनुसूचित मोर्चा सदस्य राम सिंह उपस्थित रहे।


राज्यपाल से मुलाकात करते आनंद द्विवेदी व साथ में अन्य।

### पुस्तक विमोचन में राज्यपाल को किया आमंत्रित

अमृत विचार,लखनऊ : रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित 'विजय पुरुष से राष्ट्रप्रहरी, राजनाथ सिंह' पुस्तक का विमोचन जल्द होगा। बुधवार को भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने जनभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल को लोकार्पण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने का आमंत्रण दिया। आनंद ने पुस्तक में राजनाथ के एक सामान्य किसान परिवार से निकलकर शिक्षक, कार्यकर्ता और कुशल शासक बनने तक की यात्रा का विस्तृत वर्णन किया गया है।साथ ही संगठन में मंडल स्तर से शिक्षामंत्री, मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, देश का गृह और रक्षा मंत्री के रूप में कार्यों और उपलब्धियों को भी बताया गया है। महामंत्री धनश्याम दास अग्रवाल, टिंकू सोनकर, उपाध्यक्ष विनायक पाण्डेय, अनुराग साहू भी रहे।


अयोध्या धाम भ्रमण के दौरान महिला कर्मचारी।

### 51 महिला रेलकर्मियों ने किया अयोध्या का भ्रमण

**अमृत विचार, लखनऊ :** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए रेलवे की 51 महिला कर्मियों को अयोध्या धाम का भ्रमण कराया गया। इन कर्मियों ने रामघाट हाल्ट रेलवे स्टेशन देखने के साथ मंदिर और हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन किए। सभी महिलाओं को स्मृति चिन्ह व उपहार भी दिए गए। भ्रमण का उद्देश्य महिला कर्मियों को दैनिक कार्यों से अलग सकारात्मक वातावरण उपलब्ध कराना था। व्यवस्था मुख्य हित निरीक्षक मनीष कुमार श्रीवास्तव व संजय द्विवेदी की उपस्थिति में की गई।


शिविर में जांच कराते मरीज।

### स्वास्थ्य शिविर लगाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** बोरा फाउंडेशन एवं सेवा अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में फैजुल्लागंज के रहीमनगर डुडोली क्षेत्र में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टरों ने लोगों का ब्लड प्रेशर, शुगर, वजन एवं सामान्य शारीरिक परीक्षण किया गया। शिविर में कुल 177 लोगों की जांच की गई। साथ ही 70 जरूरतमंद लोगों के आयुष्मान कार्ड भी मौके पर ही बनाए गए। मरीजों को उपचार के अलावा चश्में भी बांटे गए।

**कला** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह में वाजपेयी के जीवन पर आधारित नाटक का मंचन

# मेरी यात्रा अटल यात्रा में दिखे संसद में वाजपेयी के तीखे तेवर


भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह में नाटक मेरी यात्रा अटल यात्रा में मंचन करते विपिन कुमार।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भारतेंदु नाट्य अकादमी के स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह में चौथे दिन पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन पर आधारित नाटक मेरी यात्रा अटल यात्रा का मंचन किया गया। इसमें अटल जी की पत्रकारिता, उनकी कविताओं और राजनीतिक जीवन पर विस्तार से रोशनी डाली गई। लेखन चन्द्र भूषण सिंह के निर्देशन में विपिन कुमार ने अटल के जीवन का शानदार अभिनय किया।

लोक कल्याण कम्यूनिकेशन की ओर से आयोजित नाटक में ये भी दिखाया गया वाजपेयी की 13 दिन की सरकार कैसे गिरी। संसद में बहुमत की बहस में वाजपेयी के वक्तव्य, सरकारें आएंगी जाएंगी, निंदक को पास रखना होगा क्योंकि वो साथ रहेगा तो साबुन से धोता रहेगा। इस सदन में एक-एक व्यक्ति की पार्टी है। वो सब हमारे खिलाफ इकट्ठा हो जाते हैं। 98 में फिर से लहर आई और वाजपेयी प्रधानमंत्री बने तो अपने संसदीय क्षेत्र लखनऊ की जनता का धन्यवाद करने आए। यहां उन्होंने कहा कि सेक्युलरवाद हमारे रोम रोम में है। सबकी अपनी-अपनी पूजा करने का अधिकार है।

उन्होंने पोखरण में किये गये परमाणु परीक्षण, कारगिल की जंग और गोधरा में जल उठे गुजरात पर भी विस्तार से बात की। गोधरा कांड के बाद प्रधानमन्त्री गुजरात गये तो पत्रकारों ने पूछा किसे बचाने आये हैं। पार्टी को या मुख्यमंत्री को। अटल जी ने कहा कि सरकार को राजधर्म का पालन करना चाहिए।

अटल जी ने कहा कि 2004 में हम सरकार नहीं बना सके, 2005 में हमने राजनीति से सन्यास ले लिया और फिर से पत्रकार हो गया। उन्होंने ठन गई मौत से ठन गई। सामने इस तरह वो खड़ी हो गई जैसे जिंदगी से बड़ी हो गई। और 15 अगस्त का दिन कहता आजादी अभी अधूरी है। जैसी कविताएं भी सुनाईं। बाद में भारतेंदु नाट्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रति शंकर त्रिपाठी ने नाटक के निर्देशक और कलाकार को सम्मानित किया।

## सिटी ब्रीफ

### पीएचडी छात्रों के लिए कोर्स वर्क जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में पीएचडी के शोधार्थियों के कोर्स वर्क परीक्षा की विस्तृत समय सारणी जारी कर दी गई है। इसी प्रकार बीफार्मा द्वितीय तथा तृतीय वर्ष के छात्र-छात्राओं के बैक पेपर परीक्षाओं की विस्तृत समय सारणी विश्वविद्यालय द्वारा जारी कर दी गयी है। सम्बन्धित छात्र-छात्रायें विश्वविद्यालय की वेबसाइट kmclu.ac.in पर प्रदर्शित समय सारणी के अनुरूप परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

### लविवि ने जारी किया परीक्षा कार्यक्रम

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों की सम सेमेस्टर-2026 की (बीए, बीएससी, बीकाम चतुर्थ एवं छठा सेमेस्टर) की परीक्षाओं का अनन्तिम परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। बिस्तृत परीक्षा कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in उपलब्ध है। परीक्षा कार्यक्रम के सम्बन्ध में कोई सुझाव देना हो तो 13 अप्रैल को शाम 5 बजे तक परीक्षा नियंत्रक की ईमेल coe‹bha›@‹/bha›lkouniv.ac.in अथवा व्हाट्सअप नंबर 7991200506 पर दिया जा सकता है।

### जीपैट में लविवि के 11 छात्र सफल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज़ के 11 छात्र जीपैट (ग्रैज्यूएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट) 2026 में सफल रहे हैं। जिनमें अमरेंद्र मौर्या, (ऑल इंडिया रैंक 281), क्रति सिंह (ऑल इंडिया रैंक 349), कबीर (ऑल इंडिया रैंक 605), शिवानी मौर्या (ऑल इंडिया रैंक 713), अमृता सिंह (ऑल इंडिया रैंक 790), अंकिता यादव (ऑल इंडिया रैंक 1607), आकृति श्रीवास्तव (ऑल इंडिया रैंक 1993), प्रीति यादव (ऑल इंडिया रैंक 2589), दीपाली सिंह (ऑल इंडिया रैंक 2597), अनिकेश सिंह बघेल (ऑल इंडिया रैंक 3423), प्राची जायसवाल (ऑल इंडिया रैंक 4213) शामिल हैं। जीपैट (ग्रैज्यूएट फार्मेसी एप्टीट्यूड टेस्ट) एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है।

### बीबीएयू और सूर्यांश फाउंडेशन के बीच एमओयू

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय और सूर्यांश फाउंडेशन ट्रस्ट के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक और व्यावहारिक सहयोग को मजबूत करना है। इसके तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम, कार्यशालाएं, संगोष्ठियां और शॉर्ट टर्म कोर्स संचालित किए जाएंगे। एमओयू के अंतर्गत कौशल विकास, वोकेशनल ट्रेनिंग, इंटर्नशिप और इंडस्ट्री सहयोग के माध्यम से छात्रों के रोजगार के अवसर बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा। स्टार्टअप, इंक्यूबेशन सेंटर और शोध परियोजनाओं को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. राज कुमार मित्तल ने की। इस अवसर पर प्रो. एस. विक्टर बाबू, डॉ. जगदीप खन्ना, डॉ. दिलीप सिंह और सीईओ वेद वीर सिंह उपस्थित रहे।

### आईटीआई में कैंपस ड्राइव आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत बुधवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज में ग्रीन गैस लिमिटेड द्वारा लखनऊ एवं आगरा के लिए कैंपस ड्राइव का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्थान द्वारा आयोजित इस कैंपस ड्राइव में कंपनी के प्रतिनिधियों को अधिक से अधिक अभ्यर्थियों का चयन करने हेतु प्रेरित किया गया। प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खान ने बताया कि कैंपस ड्राइव में कुल लगभग 198 अभ्यर्थियों ने भाग लिया। परीक्षा एवं साक्षात्कार की प्रक्रिया के उपरांत 121 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया है।

### यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का आगाज आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ में खेल प्रेमियों के लिए रोमांच का दौर शुरू होने जा रहा है। गुरुवार से यूपी प्रो हैंडबॉल लीग का आगाज होगा, जिसमें छह दिनों तक तेज़ी, ताकत और रणनीति से भरपूर मुकाबले खेले जाएंगे। यह लीग 14 अप्रैल तक केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में आयोजित होगी। उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन की देखरेख में एसएन पाण्डेय खेल संस्थान ट्रस्ट द्वारा आदि योगी प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से आयोजित इस लीग में प्रदेश की छह टीमें हिस्सा ले रही हैं।

# राजकीय महाविद्यालय में गायब मिले अध्यापक से लेकर कर्मचारी

## महाविद्यालय के गैरहाजिर शिक्षकों को जारी किया गया कारण बताओ नोटिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



महाविद्यालय में पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

- उच्च शिक्षा निदेशक ने किया औचक निरीक्षण

**अमृत विचार :** सरोजनी नगर स्थित राजकीय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा निदेशक प्रो. बीएल शर्मा ने औचक निरीक्षण किया तो अनेक शिक्षक और कर्मचारी गायब मिले। इसके अलावा महाविद्यालय में छात्र-छात्राओं को न पाकर निदेशक ने नाराजगी प्रकट करते हुए अनुपस्थित शिक्षकों का एक दिन का वेतन रोकने को लेकर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे जब निदेशक महाविद्यालय पहुंचे तो वहां छाया सन्नाटा देखकर हैरान रह गए। निरीक्षण में महाविद्यालय की कार्यप्रणाली में गंभीर लापरवाही उजागर हुई।

निरीक्षण के समय संस्थान में केवल डॉ. ममता मधुर (असिस्टेंट प्रोफेसर, वाणिज्य) और तीन आउटसोर्सिंग कर्मचारी ही उपस्थित पाए गए। हैरानी की बात यह रही कि निर्धारित समय के बावजूद अन्य कोई शिक्षक या शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौके पर मौजूद नहीं था। निरीक्षण के दौरान ही लगभग 10:50 बजे कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. सुधा और रसायन विज्ञान के प्रवक्ता डॉ. अमित कुमार यादव महाविद्यालय पहुंचे, जिससे समयपालन को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। इसके अलावा दर्शनशास्त्र के डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, वाणिज्य के डॉ. पवन कुमार मौर्य, वनस्पति विज्ञान के डॉ. राघवेन्द्र प्रताप नारायण, इतिहास के डॉ. केशरी नंदन मिश्रा, जन्तु विज्ञान के डॉ. राजेश यादव, मनोविज्ञान की डॉ. इरा फातिमा, अर्थशास्त्र की डॉ. सविता, संस्कृत की डॉ. वंदना, गणित की डॉ. शिल्पी सिंह सहित शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रधान सहायक वंदना सिंह व वरिष्ठ सहायक नंदिनी निर्धारित समय तक अनुपस्थित पाए गए।

निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि उपस्थिति पंजिका प्राचार्य कक्ष में उपलब्ध नहीं थी। कार्यवाहक प्राचार्य ने बताया कि पंजिका लिपिक के पास है, जबकि संबंधित लिपिक भी अनुपस्थित थीं। इस पर शिक्षा निदेशक ने कड़ी नाराजगी जताते हुए निर्देश दिया कि उपस्थिति पंजिका अनिवार्य रूप से प्राचार्य कक्ष में रखी जाए और भविष्य में निरीक्षण के समय उसे प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान महाविद्यालय में कोई भी छात्र-छात्रा उपस्थित नहीं मिला। शिक्षा निदेशक ने सभी अनुपस्थित प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध एक दिन का वेतन रोकने तथा अनुशासनिक कार्रवाई प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही निर्देशित किया गया है कि वे अपनी अनुपस्थिति का स्पष्टीकरण प्राचार्य के माध्यम से दो कार्यदिवस के भीतर ई-मेल के जरिए प्रस्तुत करें।

# सात दिन में जुटाना है हजारों स्कूलों का डेटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- स्कूली वाहन चेकिंग अभियान सुस्त, शिक्षा विभाग की उदासीनता से अटका काम परिवहन विभाग पर बढ़ा दबाव

**अमृत विचार:** स्कूली वाहनों से जुड़े हादसों के बाद सरकार के सख्त रुख के बावजूद इंटीग्रेटेड स्कूल व्हीकल मैनेजमेंट पोर्टल (आईएसवीएमपी) पोर्टल पर डेटा अपलोड करने का अभियान गति नहीं पकड़ सका है। 1 से 15 तक चल रहे इस विशेष अभियान के आठ दिन गुजर चुके हैं, लेकिन अभी तक आधा काम भी पूरा नहीं हो पाया है।

अभियान की धीमी प्रगति के पीछे शिक्षा विभाग की लापरवाही सामने आ रही है। परिवहन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, शिक्षा विभाग से समुचित सहयोग न मिलने के कारण लक्ष्य अधूरा रह सकता है। ऐसे में बचे हुए 7 दिनों में सभी स्कूलों और वाहनों का विवरण पोर्टल पर दर्ज करना बड़ी चुनौती बन गया है।

### धीमी रफ्तार

- कुल स्कूल : 4491
- अपलोड स्कूल : 456
- कुल वाहन : 7500-8000 लगभग
- अपलोड वाहन : करीब 900
- शेष समय : 7 दिन

पीटीओ अनीता वर्मा ने बताया कि अब तक करीब 900 स्कूली वाहनों और 456 स्कूलों का ही डेटा अपलोड हो सका है। जबकि शहर में कुल 4491 स्कूल और लगभग 7500 से 8000 स्कूली वाहन हैं, जिनका पंजीकरण किया जाना है। इन आंकड़ों को देखते हुए अभियान की रफ्तार पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

### स्कूल खोजने में हो रही परेशानी

- अभियान में लगे कर्मचारियों का कहना है कि उन्हें स्कूलों की सटीक जानकारी और लोकेशन नहीं मिल पा रही है। कई बार अकेले ही स्कूलों तक जाना पड़ता है और वहीं से जानकारी जुटाकर पोर्टल पर अपलोड करनी होती है। कर्मचारियों के मुताबिक, यह कार्य शिक्षा विभाग को करना चाहिए था, लेकिन जिम्मेदारी परिवहन विभाग पर आ गई है।
- एआरटीओ प्रशासन प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि अभियान में 25 टीमें लगाई गई हैं और विभाग पूरी कोशिश कर रहा है कि जल्द से जल्द अधिक से अधिक डेटा पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

### विशाखा गाइडलाइंस पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में 'विशाखा गाइडलाइंस जागरूकता अभियान' के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हाइब्रिड मोड में आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों माध्यमों से भाग लिया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मुक्ता गर्ग (चंद्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कानपुर) ने विशाखा गाइडलाइंस के कानूनी पहलुओं और महिलाओं की सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही सुरक्षा की पहली शर्त है और महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. अजय तनेजा के संरक्षण एवं प्रो. तव्हीर फातिमा के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# ज्ञान आधारित बजट प्रस्तुत करे केंद्र सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अर्थव्यवस्था और विकसित भारत पर अर्थशास्त्र के जानकारों ने विचार मंथन किया। वक्ताओं ने कहा कि दुनिया अब ज्ञान के आधार पर आगे बढ़ रही है। इस लिहाज से भारत सरकार को अपना बजट शैक्षिक सत्र के हिसाब से प्रस्तुत करना चाहिए। "केंद्रीय बजट 2026-27 का विश्लेषणः नीडोनॉमिक्स परिप्रेक्ष्य" विषय पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग से सेवानिवृत्त प्रो. मदन मोहन गोयल ने केंद्रीय बजट 2026-27 को "आवश्यक, लेकिन पर्याप्त नहीं" बताते हुए विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए और ठोस कदमों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने वित्तीय वर्ष को 1 जुलाई से 30 जून करने का सुझाव दिया, ताकि वित्तीय नियोजन को एक ज्ञान-आधारित अर्थव्यवस्था की बदलती प्राथमिकताओं के अनुरूप बेहतर ढंग से समायोजित किया जा सके। कार्यक्रम के दौरान प्रो. राम चंद्रा, डॉ. वी.एस. बघेल, प्रो. सुरेंद्र मेहर, डॉ. प्रणब कुमार आनंद, शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।



वार्षिकोत्सव में प्रतिभागी छात्राएं व शिक्षक। अमृत विचार

## रंगारंग कार्यक्रमों के बीच महाविद्यालय का वार्षिकोत्सव सम्पन्न

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह रंगारंग कार्यक्रमों के बीच आयोजित हुआ। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 68 छात्राओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि प्रो. बीएल शर्मा व कार्यक्रम अध्यक्ष बबिता सिंह ने मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए। प्राचार्य प्रो. रश्मि बिश्नोई ने महाविद्यालय की उपलब्धियां बताईं। स्नातक व परास्नातक स्तर पर विभिन्न विषयों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही बेस्ट कैडेट, स्वयंसेवी व खेल प्रतिभाओं को भी सम्मान मिला। कार्यक्रम में पुस्तकों व न्यूजलेटर का लोकार्पण हुआ। अतिथियों ने छात्राओं को अनुशासन, जिम्मेदारी और शिक्षा पर ध्यान देने की प्रेरणा दी।

# मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह की बढ़ी तिथि

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- अब 8 अप्रैल से बढ़ाकर 10 अप्रैल तक मनाया जाएगा मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह

**अमृत विचार:** मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह की अंतिम तिथि को 10 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है। जो मिशन कर्मयोगी पोर्टल पर भी अपडेट कर दी गयी है। संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मंडल डॉ. प्रदीप कुमार ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालयों को विभाग में कार्यरत समस्त कार्मिकों को पोर्टल पर उपलब्ध साधना सप्ताह के पाठ्यक्रमों को पूर्ण कर सर्टिफिकेट व बैज प्राप्त करवाने के निर्देश दिए हैं। संयुक्त शिक्षा निदेशक लखनऊ मण्डल कार्यालय के विज्ञान प्रगति अधिकारी डॉ. दिनेश कुमार ने बताया कि स्टेट नोडल से प्राप्त निर्देश के अनुपालन में प्रत्येक कार्मिक को साधना सप्ताह कोर्स के अन्तर्गत न्यूनतम 4 घण्टे का कोर्स अनिवार्य रूप से पूर्ण कर अपने सर्टिफिकेट व बैज अर्जित करना है। उपशिक्षा निदेशक रेखा दिवाकर ने सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को अपने जिले से अधिक से अधिक कार्मिकों को न्यूनतम चार घंटे का कोर्स पूर्ण कराने का निर्देश दिया है।

# उत्तर और पश्चिम विधानसभा में सेंट जोसेफ स्कूल का दबदबा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


खिलाड़ियों के साथ डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमृत विचार

- एथलेटिक्स और टीम गेम्स में गोल्ड की बारिश

**अमृत विचार :** सांसद खेल महाकुंभ-26 के तहत उत्तर और पश्चिम विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित प्रतियोगिताओं में सेंट जोसेफ विद्यालय समूह के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दबदबा कायम किया। सेंट जोसेफ राजाजीपुरम और सेंट जोसेफ सीतापुर रोड शाखा के विद्यार्थियों ने एथलेटिक्स और टीम गेम्स में कई स्वर्ण पदक जीतकर सभी को प्रभावित किया।

पश्चिम विधानसभा के खेल शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय मैदान में हुए, जहां सेंट जोसेफ राजाजीपुरम के खिलाड़ियों ने एथलेटिक्स में अधिकांश स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक हासिल किए। 100 मीटर में वर्षा, 200 मीटर में मानसी व श्रेयश, 400 मीटर में शौर्य और 4x100 मीटर रिले (बालिका वर्ग) में टीम ने स्वर्ण जीता। लंबी कूद में मानसी मिश्रा को स्वर्ण और मानवी मिश्रा को रजत मिला, जबकि गोला फेंक में आरुषि सिंह विजेता रहीं। टीम गेम्स में कबड्डी और रस्साकशी (बालक व बालिका वर्ग) में भी स्वर्ण पदक जीते गए।

उत्तर विधानसभा के अलीगंज स्टेडियम में सेंट जोसेफ सीतापुर रोड शाखा के खिलाड़ियों ने बास्केटबॉल, ताइक्वांडो और 100 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया।

उधर, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने आरडीएसओ स्टेडियम में महाकुंभ का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल बजट दोगुना कर चुकी है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं का भविष्य संवारने के साथ प्रदेश का नाम देश-दुनिया में रोशन कर रहे हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

### मोहम्मद शाहिद एकादश और केडी सिंह बाबू एकादश सेमीफाइनल में

**अमृत विचार, लखनऊः** चंद्रभान गुप्त खेल मैदान (नेशनल कॉलेज ग्राउंड) पर चल रहे द्वितीय फजलुर रहमान मेमोरियल सब जूनियर हॉकी टूर्नामेंट में बुधवार को सेमीफाइनल की तस्वीर साफ हो गई। नॉकआउट मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए मोहम्मद शाहिद एकादश और केडी सिंह बाबू एकादश ने अंतिम चार में जगह बना ली। पहले मुकाबले में मोहम्मद शाहिद एकादश ने बुला गांगुली एकादश को 4-0 से हराया। शुरुआत से ही टीम का दबदबा रहा। जर्सी नंबर 2 ने 10वें और 27वें मिनट में दो गोल कर बढ़त दिलाई, जबकि जर्सी नंबर 5 ने 29वें और 53वें मिनट में गोल कर जीत पक्की कर दी। दूसरे मुकाबले में केडी सिंह बाबू एकादश ने गांधी क्लब, बाराबंकी को 3-1 से हराया। जर्सी नंबर 5 ने 17वें मिनट में पहला गोल किया, जबकि जर्सी नंबर 3 ने 21वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी। गांधी क्लब के मो. समद ने 31वें मिनट में गोल कर वापसी की कोशिश की, लेकिन 58वें मिनट में जर्सी नंबर 7 ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर जीत सुनिश्चित कर दी।

**शोध** | सीएसआईआर-सीमैप के अध्ययन में सामने आए नए तथ्य

# पौधे भी हैं देते हैं हमलावर कीटों को जबाब

मार्कण्डेय पाण्डेय, लखनऊ



बीटल हमले में अश्वगंधा की जैव रासायनिक प्रतिक्रिया।

**अमृत विचार :** पेड़-पौधे भी सुख-दुख का अनुभव करने के साथ दोस्त-दुश्मन की पहचान करते हैं और हमलावर कीटों के खिलाफ जवाबी हमला करते हैं। सीएसआईआर-सीमैप में किए गए अध्ययन में यह सामने आया है कि पौधों की इस क्षमता को बढ़ाकर कीटों के प्रभाव को कम या खत्म किया जा सकता है। शोध में पाया गया कि कीटों के आक्रमण का सबसे प्रभावी मुकाबला अश्वगंधा करता है। बीटल के हमले के दौरान यह अपने मेटाबोलिज्म में बदलाव कर सुरक्षात्मक यौगिकों का निर्माण बढ़ा देता है, जिससे कीटों के जीवित रहने की संभावना घट जाती है।

अश्वगंधा (वीथेनिया सोम्निफेरा) पर किए गए अध्ययन में पाया गया कि कीटों के हमले के बाद पौधे में कई रासायनिक बदलाव होते हैं। पौधा वीथानोलाइड्स और वीथानोसाइड्स जैसे यौगिकों की मात्रा बढ़ाकर अपनी रक्षा करता है। ये यौगिक न केवल पौधे को सुरक्षा देते हैं, बल्कि औषधीय दृष्टि से भी महत्वपूर्ण हैं। शोध का केंद्र हेनोसेपीलाचना वीजींटोक्टोपंक्टाटा नामक कीट रहा, जो फसल को भारी नुकसान पहुंचाता है।

अध्ययन में यह भी सामने आया कि कीटों के हमले से कार्बोहाइड्रेट जैसे पोषक तत्व प्रभावित होते हैं, जबकि सूक्ष्म पोषक तत्वों का स्तर बढ़ जाता है, जिससे पौधे का रक्षा तंत्र मजबूत होता है। दिलचस्प तथ्य यह है कि ये रसायन कीटों के शरीर में भी पहुंच जाते हैं और उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डालते हैं। यह शोध भविष्य में कीट-प्रतिरोधी फसलों के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## सिटी डायरी


इकाई गठन के दौरान विरोध करते कार्यकर्ता।

### अभाविप इकाई गठन में हंगामा

**अमृत विचार, लखनऊ :** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के लखनऊ विश्वविद्यालय इकाई गठन के दौरान बुधवार को जमकर हंगामा हुआ। नाराज कार्यकर्ताओं ने संगठन मंत्री व अन्य पदाधिकारियों पर मनमानी का आरोप लगाया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि जातिगत समीकरण साधने के लिए पुराने और सक्रिय कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर दी गई और बिना पारदर्शिता के सूची जारी कर दी गई। विरोध के बीच प्रांत संगठन मंत्री माहौल बिगड़ता देख वहां से चले गए। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि एक असिस्टेंट प्रोफेसर के प्रभाव में इकाई का गठन किया गया है और संगठन की पारंपरिक प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया। उनका कहना था कि विश्वविद्यालय इकाई में बाहरी प्रभाव बढ़ता जा रहा है। इकाई गठन में हिंदी विभाग के शोध छात्र आशुतोष श्रीवास्तव "जय" को अध्यक्ष और आर्यन कुशवाहा को मंत्री बनाया गया है।


पुस्तकालय प्रबंधन सीखने आए विद्यार्थी।

### छात्रों ने सीखा पुस्तकालय प्रबंधन

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजकीय पॉलीटेक्निक के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के छात्र-छात्राओं ने बुधवार को आमीरुद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी का शैक्षिक भ्रमण कर पुस्तकालय प्रबंधन की बारीकियों को समझा। यह भ्रमण राजकीय पॉलीटेक्निक में विभागाध्यक्ष निशा यादव, डॉ. नीरज कुमार व्याख्याता, पत्रकारिता एवं जनसंचार एवं आमीरुद्दौला पब्लिक लाइब्रेरी की पुस्तकालयाध्यक्ष सुप्रिया शर्मा के निर्देशन में संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों को पुस्तकालय के सुव्यवस्थित संचालन, पुस्तक वर्गीकरण, डिजिटलीकरण, संरक्षण तकनीकों एवं सूचना प्रबंधन की प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। भ्रमण के दौरान फैकल्टी सुप्रिया सिंह एवं डॉ. रश्मि वर्मा ने छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया।


अतिथियों का स्वागत करते प्राचार्य डॉ. देवेंद्र प्रताप सिंह।

### रक्षा प्रणाली में देश बन रहा आत्मनिर्भर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेशनल पीजी कॉलेज में भारतीय ज्ञान प्रणाली और विकसित भारत विषय पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन हुआ। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद व पूर्व डीजीपी बृजलाल ने समावेशी शासन और मजबूत आधारभूत संरचना पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि केंद्रीय बजट का बड़ा हिस्सा रक्षा क्षेत्र के लिए है और 'पिनाका' जैसी स्वदेशी प्रणालियां आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम हैं। प्रो. बलराम सिंह ने वैदिक मूल्यों को विकास का आधार बताया। प्राचार्य प्रो. देवेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार सम्मेलन में 400 से अधिक सार प्राप्त हुए।


बाल फिल्म देखकर निकले बच्चे।

### नैतिक गुणों को बढ़ावा देने में फिल्में असरदार

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के 15वें अंतर्राष्ट्रीय बाल फिल्म महोत्सव के तीसरे दिन हजारों छात्रों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। अभिनेता ललित परीमू, अनिरुद्ध दवे और बाल कलाकार आरव शुक्ला ने बच्चों का उत्साह बढ़ाया। 6 से 12 अप्रैल तक सीएमएस कानपुर रोड ऑडिटोरियम में चल रहे इस महोत्सव का उद्देश्य बच्चों के नैतिक विकास और व्यक्तित्व निर्माण को बढ़ावा देना है।